2024/317

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट | बनाम | **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री बसन्तलाल जैन
निवासी वेरा की गली
जावाल
जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** मुकदमा नं. 73 वर्ष 2024

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
19.12.2024	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई। अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनांक 01.01.2023 को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि जावाल नगरपालिका गठित होने के बाद से जावाल नगरपालिका द्वारा कितने पट्टे जारी किए गए है एवं किसे जारी की किए गए है। उक्त से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया किं अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10/– जमा करा दिए है। अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनांक 01.01.2023 को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि जावाल नगरपालिका गठित होने के बाद से जावाल नगरपालिका द्वारा कितने पट्टे जारी किए गए है एवं किसे जारी की किए गए है। उक्त से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली के अवलोकन से यह पाया जाता है कि अपीलांट द्वारा मांगी गई उपरोक्त सूचना लोक सूचना अधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका जावाल से सम्बन्धित होने से लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही द्वारा जरिए पत्र क्रमांक/लो.सू.अ./रेकर्ड/2024/323 दिनांक 19.12.2024 के द्वारा अपीलांट का मूल आवेदन अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका जावाल को स्थानान्तरित कर दिया गया है। चूंकि अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका जावाल के प्रथम अपील अधिकारी अद्योहस्ताक्षरकर्ता नहीं है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। निर्णय सर–ए–इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (अल्पा चौधरी) जिला कलक्टर, सिरोही	

Signature Not Verified

Digitally signed by Alpa Choudhary
Date: 2025.02.12 15:43:37 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner